# पालघर से दबोचा गया नकली नोटों की तस्करी गैंग का सदस्य, ATS की बड़ी कार्रवाई, बंगाल से यूपी के जिलों में करता था सप्लाई

**वाराणसी।** यूपी एटीएस की टीम ने बंगाल से लाकर जाली नोटों को यूपी में सप्लाई करने वाले गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। वह कई महीनों से फरार चल रहा था। जिसके पुलिस ने उस पर निर्धारित किया था। यूपी एटीएस ने उसे महाराष्ट्र के पालघर से दबोचा है।

गिरफ्तार अभियुक्त इन्द्रजीत मंडल पश्चिम बंगाल के मालदा का रहने वाला है। इस पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्यों को ATS पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह के सभी सदस्य बांग्लादेश से नकली नोट लाकर यूपी के विभिन्न जिलों में सप्लाई देते थे।

Source: https://livevns.news/Top-Headlines/fake-currency-smuggling-gang-member-arrested-from-palghar/cid14221094.htm